# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**FINAL EXAMS SESSION 2025 – 26**

**CLASS – IV**

**TIME : 3 HRS.** **SUBJECT – HINDI** **M.M:80**

**भाग– क (पठन)** **[10]**

**(1) दिए गए गद्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :–** (10)

मोहन एक छोटा लड़का है। आम के पेड़ के नीचे बैठकर पाठ याद करता है। मोहन के पिता जी को एक परेशानी थी। आम के पेड़ में जब फल लगते, बाहर से बच्चे पत्थर मारकर आम तोड़ने की कोशिश करते। रोज़–रोज़ की इन घटनाओं से तंग आकर मोहन के पिता ने आम का पेड़ कटवाने का निश्चय कर लिया।

एक दिन पेड़ काटने वाले कुल्हाड़ी लेकर आ गए। मोहन ने पेड़ काटने से मना किया, "मैं इस पेड़ को नहीं काटने दूँगा। यह मेरा दोस्त है।" वह पेड़ के तने से लिपट गया और रोते हुए बोला, "पिता जी, इसे मत कटवाओ! यह पेड़ हमारा दोस्त है। सारी ज़हरीली गैस लेकर यह हमें साफ़ हवा देता है। ठंडी छाया और मीठे फल देता है। बदले में हमसे कुछ भी नहीं लेता।" मोहन ने पेड़ के तने को प्यार से सहलाया और रोते–रोते हिचकियाँ लेने लगा।

**1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए–**

(क) मोहन किस पेड़ के नीचे बैठकर पाठ याद करता है?

आम के ◯ नीम के ◯ पीपल के ◯

(ख) पेड़ काटने वाले क्या लेकर आए?

कैंची ◯ हथौड़ा ◯ कुल्हाड़ी ◯

**2. वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) पेड़ हमें ठंडी छाया और .................................. देता है।

(ख) मैं इस पेड़ को नहीं .................................................. दोस्त है।

**3. इन शब्दों को गद्यांश में ढूँढ़िए और इनके समान अर्थ लिखिए–** पेड़ – ....................... साफ़ – .......................

**4. प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) मोहन के पिता को क्या परेशानी थी? (ख) पेड़ क्या लेकर क्या देता है?

**भाग – ख (व्याकरण)** **(30)**

**(2) दिए गए शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :–** **(5x1=5)**

**(क)** बंदर **(ख)** बगीचा **(ग)** सवेरा
**(घ)** कमल **(ङ)** रास्ता

**(3) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :–** **(5x1=5)**

**(क)** पूर्ण **(ख)** प्रशंसा **(ग)** बुराई **(घ)** गरमी **(ङ)** घृणा

**(4) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :–** **(5x1=5)**

**(क)** जो बहुत बोलता हो **(ख)** जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो
**(ग)** जो डरता हो **(घ)** सुनने वाला **(ङ)** देखने वाला

**(5) दिए गए चिह्नों को पहचानकर उनके नाम लिखिए ।** **(4x1=4)**

(1) ! (2) , (3) ? (4) ।

**(6) दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए :–** **(5x1=5)**

**(क)** सवास्थ्य **(ख)** समापत **(ग)** क्योंकी **(घ)** ग्यान **(ङ)** प्रनाम

**(7) सोचिए, समझिए और मिलान कीजिए :** **(4x1=4)**

**(क)** टाँग अड़ाना – मृत्यु होना
**(ख)** चल बसना – नींद आना
**(ग)** आँख लगाना – हरा देना

(घ) छक्के घुड़ाना – बेकार में दखल देना

**(8) नीचे दिए गए मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए :–** **(2x1=2)**

(क) दाँत कटी रोटी होना

(ख) पेट में चूहे कूदना

**<u>भाग – ग</u> (पाठय – पुस्तक)** **(30)**

**(9) निम्नलि.खित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–** **(6x3=18)**

(क) तीसरे कैदी ने अपने आप को बचाने के लिए क्या झूठ बोला ?

(ख) चौथे कैदी ने चोरी क्यों की थी ?

(ग) टॉम ने अपने मित्रों को पुताई के काम में कैसे लगाया ?

(घ) सादी ने सपने में क्या देखा ?

(ड) माँ की आँखो से आँसू क्यों टपकने लगे ?

(च) रमन के दिमाग में किस तरह के सवाल उठ रहे थे ?

**(10) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर में (√) निशान लगाइए :–** **(4x1=4)**

(क) टॉम किसके पास रहता था ? (1) माँ (2) मौसी (3) मामी

(ख) सादी बड़ा होकर क्या बना ? (1) कहानीकार (2) लेखक (3) कवि

(ग) धरती का आँचल कैसा है ? (1) पानी (2) धानी (3) फौलादी

(घ) खेतों में कौन हँस रही है ? (1) हवाएँ (2) धूप (3) फसलें

**(11) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखे :–** **(6x1=6)**

(क) कीटाणू (ख) ज़िम्मेदारी (ग) धन्यवाद

(घ) बहुमूल्य (ड) अपराध (च) कमज़ोरी

**(12) नीचे लिखे शब्दों मे 'इत' लगाकर नए शब्द बनाइए :–** **(2x1=2)**

(क) प्रफुल्ल + इत (ख) उल्लास + इत

**<u>भाग – घ</u> (लेखन)** (10)

**(13) निम्नलिखित कहानियों में से कोई एक कहानी लिखें :–** (5)

रँगा सियार

**अथवा**

ईमानदार लड़का

**(14) नीचे दिए गए चित्र को देखकर 7 – 8 पंक्तियों में उनका वर्णन कीजिए ।** (5)

